CBSE Class 12 Hindi Core 2004 - Set 2/3

Question Paper

Conducted by the Central Board of Secondary Education (CBSE)

Time Allowed: 3 Hours **Maximum Marks: 100**

General Instructions

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 14 मुख्य प्रश्न हैं।

(ii) उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखिए।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के साथ दिए गए निर्देशों, आंतरिक विकल्पों तथा शब्द-सीमाओं का पालन कीजिए।

Questions

1(क). निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :
काहे रे बन खोजन जाई ।
सर्व निवासी सदा अलेपा तोहि संग समाई ।।
पुहुप मध्य ज्यौं बास बसत है मुकुर माँहि जस छाँई ।
तैसे ही रहि बसै निरंतर घट ही खोजो भाई ।।
बाहर भीतर एकै जानौ यह गुरु ज्ञान बताई ।
भन 'नानक' बिन आपा चीन्हे मिटे न भ्रम की काई ।।

1(ख). निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :
ये ऊगी बिन ऊगी फ़सलें
तेरी प्राण कहानी
हर रोटी ने, रक्त बूँद ने
तेरी छवि पहचानी ।
वायु तुम्हारी उज्ज्वल गाथा
सूर्य तुम्हारा रथ है,
बीहड़ काँटों भरा कीचमय
एक तुम्हारा पथ है।
यह शासन, यह कला, तपस्या
तुझे कभी मत भूलें ।
ये अनाज की पूलें
तेरे काँधे झूलें ।

1(ग). निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :
मैंने उसको
जब-जब देखा
लोहा देखा
लोहे जैसा
तपते देखा
गलते देखा
ढलते देखा
मैंने उसको
गोली जैसा
चलते देखा ।

2(क). निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए :
मिट्टी में स्वर है, संयम है, होनी-अनहोनी कह जाए,
हँसकर हालाहल पी जाए, छाती पर सब-कुछ सह जाए,
यों तो ताशों के महलों-सी मिट्टी की वैभव-बस्ती क्या,
भूकंप उठे तो ढह जाए, बाढ़ आ जाए तो बह जाए ।

2(ख). निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए :
इस पर भी आदमी
ईर्ष्या, अहं, स्वार्थ, घृणा, अविश्वास लीन
संख्यातीत शंख-सी दीवारें उठाता है
अपने को दूजे का स्वामी बताता है
देश की कौन कहे
एक कमरे में
दो दुनिया रचाता है ।

2(ग). निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए :
ऐसे आओ
जैसे गिरि के शृंग शीश पर
रंग-रूप का क्रीट लगाए
बादल आए
हंस-माल-माला लहराए
और शिला-तन —
कांति निकेतन-तन बन जाए।

3(क). 'कबहुँक हौं यहि रहनि रहौंगो' पद के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि कवि किस प्रकार का जीवन जीने की इच्छा प्रकट करता है।

3(ख). 'जागो फिर एक बार' कविता के सन्देश को अपने शब्दों में लिखिए।

3(ग). 'जड़ की मुसकान' कविता के आधार पर जड़ की सार्थकता को स्पष्ट कीजिए।

4(क). प्रस्तुत गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :
देशप्रेम यदि 'आत्मा की घटना' है, तो वह सिर्फ़ एक ऐसी संस्कृति में पल्लवित होती है, जहाँ 'स्पेस' और 'स्मृति' अंतर्गुंफित हो सकें। मनुष्य और पशु के संबंध की बात तो अलग रही, उन चीज़ों का परस्पर संबंध भी बहुत गहरा हो, जो ऊपर से अजीवंत दिखाई देते हैं ... पत्थर, नदी, पहाड़, पेड़ .... आपस में किंतु अपने अंतर्संबंधों में वे एक जीवंत पवित्रता का गौरव, एक तरह की धार्मिक संवेदना ग्रहण कर लेते हैं।

4(ख). प्रस्तुत गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :
जीवन में देह है, जीवन में आत्मा है। देह है नाशशील और आत्मा है शाश्वत, तो आत्मा को हिलना-झुकना नहीं है और देह को निरंतर हिलना-झुकना ही है; नहीं तो हम हो जाएँगे रामलीला के रावण की तरह, जो बाँस की खपच्चियों पर खड़ा रहता है — न हिलता है, न झुकता है। हमारे विचार लचीले हों, परिस्थितियों के साथ वे समन्वय साधते चलें, पर हमारे आदर्श स्थिर हों।

4(ग). प्रस्तुत गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :
"हे कलाकार, तुम तो जानते हो, राजनीति में केवल दो ही वर्ण होते हैं : एक सफ़ेद, एक काला। सफ़ेद अपने काले पर पोतने के लिए, काला औरों के सफ़ेद पर पोतने के लिए। कला-नीति में ऐसा नहीं होता। वहाँ तो वर्ण नहीं, रंग होते हैं : विविध रंग। कला-नीति में तो काला भी उतना ही सुन्दर है जितना कोई और रंग। काला राजनीति में कौआ है तो कला-नीति में कोकिल।"

5(क). 'यह देश एक है' निबन्ध के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि मनुष्य के शरीर और मस्तिष्क पर जलवायु का प्रभाव किस प्रकार पड़ता है।

5(ख). 'नदी बहती रहे' निबन्ध के आधार पर नदियों को प्रदूषित करने वाले कारणों का उल्लेख करके, दूषित जल से उत्पन्न हानियों को बताइए।

5(ग). वन का संकल्पना को पेड़-पौधे और पशु स्वीकार क्यों नहीं कर पा रहे थे ? बड़ दादा को यह अहसास कब हुआ कि वन है ? — 'तत्सत्' कहानी के आधार पर उत्तर दीजिए।

6. महादेवी वर्मा अथवा जैनेन्द्र कुमार के जीवन, रचनाओं और भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

7(क). 'एक पत्र' के लेखक धर्मवीर भारती के व्यक्तित्व-निर्माण में उनके मामा-मामी के योगदान का उल्लेख कीजिए।

7(ख). 'सत्यकिरण' एकांकी के सभी पात्र अपने ऊपर सत्यकिरण के प्रयोग से क्यों कतरा रहे थे ?

7(ग). भगिनी निवेदिता का भारतीय महिलाओं के लिए क्या संदेश था ?

7(घ). रमन से मिलने से पूर्व ही, लेखक उनके साथ अपना क्या सम्बन्ध मानने लगे थे ? 'रमन का वात्सल्य' निबन्ध के आधार पर उत्तर दीजिए।

8(क). "फूलों से नाता बनाए रखो, परन्तु मिट्टी से तोड़कर नहीं।" 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास में यह वाक्य किसने, किनको, किस समय कहा है ?

8(ख). "नाटकशाला में जो हथियार बनते चलते हैं, क्या उनसे अंग्रेज़ नहीं हटाए जा सकते थे ?" इस कथन के संदर्भ को बताते हुए इसके अभिप्राय को स्पष्ट कीजिए।

9. आपकी दृष्टि में 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास का कौन-सा पुरुष पात्र सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है ? उसका चरित्र-चित्रण कीजिए।

10(क). किन्हीं दो में सन्धि-विच्छेद कीजिए : सद्गति, मनोरंजन, अधिकांश ।

10(ख). किन्हीं दो में सन्धि कीजिए : उत् + लेख, फणि + ईश्वर, महा + उदधि ।

10(ग). किन्हीं दो पदों का समास-विग्रह कर समास का नाम भी बताइए : हाथोंहाथ, लम्बोदर, सुख-दुःख ।

11(क). नीचे लिखे वाक्यों में से किन्हीं दो के शुद्ध रूप लिखिए :
(i) हम हमारे देश की सेवा करें ।
(ii) हम हृदय से आपका हार्दिक स्वागत करते हैं ।
(iii) कल वहाँ एक लड़का और लड़की खड़ी थी ।

11(ख). नीचे लिखे वाक्यों में यथास्थान सही विराम-चिह्न लगाइए :
(i) हे कवि आप कहाँ रहते हैं
(ii) सुनो सुबह जल्दी उठा करो

12(क). महानगरों में जो सभ्यता फैली है, वह छिछली और हृदयहीन है। लोगों के पारस्परिक मिलन के अवसर तो बहुत हो गए हैं, मगर इस मिलन में हार्दिकता नहीं होती, मानवीय सम्बन्धों में घनिष्ठता नहीं आ पाती। दफ़्तरों, ट्रामों, बसों, रेलों, सिनेमाघरों, सभाओं और कारखानों में आदमी हर समय भीड़ में रहता है, मगर इस भीड़ के बीच वह अकेला होता है। मनुष्य के लिए मनुष्यत्व के भीतर पहले जो माया, ममता और सहानुभूति के भाव थे, वे अब लापता होते जा रहे हैं। देशों की पारस्परिक दूरी घट गई है, लेकिन आदमी और आदमी के बीच की दूरी बढ़ती जा रही है।
उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

12(ख). महानगरों की सभ्यता को हृदयहीन क्यों कहा गया है ?

12(ग). महानगरों की भीड़ में मानव अकेला क्यों है ?

12(घ). "देशो की आपसी दूरी जितनी घट रही है, आदमी और आदमी की दूरी उतनी ही बढ़ रही है" इस दूरी की वृद्धि के कारणों का उल्लेख कीजिए।

13. आपकी बस्ती में परिवहन, स्वास्थ्य, सफ़ाई आदि नागरिक सुविधाओं का अभाव है। किसी प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखकर इन असुविधाओं की ओर ध्यान आकृष्ट कीजिए।

OR

13. भारतीय स्टेट बैंक की जोधपुर शाखा को कुछ कार्यालय-सहायकों की आवश्यकता है। बैंक के मैनेजर को इस पद के लिए आवेदन-पत्र लिखिए।

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबन्ध लिखिए :
(क) प्रदूषण की समस्या
(ख) सारे जहाँ से अच्छा, हिन्दोस्ताँ हमारा
(ग) नारी और नौकरी
(घ) भ्रष्टाचार का दानव
(ङ) नर हो, न निराश करो मन को

- End of Question Paper -